# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या सितम्बर 2023**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 अक्टूबर, 2023**

जनपद में तैनात 15 वीं वाहिनी एन0डी0आर0एफ0 के सहयोग से जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 21.09.20223 तक जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं वन प्रभाग आदि में आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। :

**प्रशिक्षण कलेण्डर ::**

| क्र.सं. | दिनांक | समय | प्रशिक्षण का स्थान | प्रशिक्षणार्थियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.09.2023 | 11:00 AM | अपर यमुना वन प्रभाग, बडकोट/नजदीक लीसा डिप्पो | प्रभाग के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारीगण (प्रशिक्षण–वनाग्नि रोकथाम/ आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी तथा मॉक अभ्यास) |
| 2 | 02.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकॉलेज, बर्नीगाड | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 3 | 04.09.2023 | 11:00 AM | रा0इण्टर कॉलेज, कुथनोर | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी/बचाव एवं मॉक अभ्यास) |
| 4 | 05.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकॉलेज, हुडोली | विद्यालय में अध्यनरतछात्र–छात्रा/स्टॉफ |
| 5 | 06.09.2023 | 11:00 AM | टोंसवनप्रभाग, पुरोला | टोंस वनप्रभाग तथा गोविन्द पशु विहार पुरोला के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी/ कर्मचारीगण (प्रशिक्षण–वनाग्निरोकथाम/ आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी तथा मॉक अभ्यास) |
| 6 | 08.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकालेज, गुन्दियाटगांव | विद्यालय में अध्यनरतछात्र–छात्रा/स्टॉफ |
| 7 | 09.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकालेज, मोरी | विद्यालय में अध्यनरतछात्र–छात्रा/स्टॉफ |
| 8 | 11.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकालेज, आराकोट | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ |
| 09 | 21.09.2023 | 11:00 AM | उत्तरकाशी वन प्रभाग के गंगोरी बेरियर/लीसाडिप्पों, गंगोरी | प्रभाग के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारीगण (प्रशिक्षण–वनाग्नि रोकथाम/ मॉक अभ्यास) |
| 10 | 13.09.2023 | 11:00 AM | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरकाशी। | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 11 | 14.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकालेज, गोरशाली | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 12 | 15.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकालेज, भंकोली | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 13 | 16.09.2023 | 11:00 AM | रा0इण्टर कॉलेज, फोल्ड | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 14 | 19.09.2023 | 11:00 AM | रा0 इण्टरकॉलेज, धोन्तरी | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |
| 15 | 20.09.2023 | 11:00 AM | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चिन्यालीसौड। | विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्रा/स्टॉफ (प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास) |


15 BN NDRF
FLOOD SAFETY TIPS


SCHOOL SAFETY PROGRAMME
FLOOD SAFETY TIPS






SCHOOL SAFETY PROGRAMME
FLOOD SAFETY TIPS


15 BN NDRF
FLOOD SAFETY TIPS
उत्तरकाशी




SCHOOL SAFETY PROGRAMME

दिनांक 07.09.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान मल्ल के पास तेज हवा होने से एक पेड़ मार्ग पर झुका था जिस कारण बडे वाहनों के अवागमन में कठिनाई हो रही थी। जनपद आपतकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा त्वरित कार्यवाही दल एवं एस.डी.आर.एफ. भटवाडी से समन्वय कर पेंड को उडकरटर आदि से काट कर मार्ग यातायात हेतु सुचारु किया गया।






दिनांक 11.9.2023 को समय प्रातः 3:54 बजे जनपद के तहसील पुरोला, बडकोट, मोरी में भूकम्प के झटके महसूस किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**

- भूकम्प का परिमाण– 2.9 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude– $30.84^{o}$ N
- देशान्तर/Longitude – $78.19^{0}$ E
- समय– 03:54 AM बजे।



दिनांक 12.09.2023 को दोपहर 3:00 बजे राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि/आपदा मोचक निधि अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रस्ताव की तकनीकी परीक्षण बैठक आहूत की गयी। समिति द्वारा तत्काल करवाये जाने वाले कार्यों को मनकानुसार होने पर स्वीकृति प्रदान की गयी।



दिनांक 15.09.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान आर्य विहार आश्रम के पास एक वाहन नदी में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी। कन्ट्रोल रूम द्वारा उक्त स्थान के लिए पुलिस, एस.डी.आर.एफ. 108 एम्बुलेंस से समन्वय कर घटना स्थल हेतु रवाना किया वाहन में चालक सहित 06 लोग सवार थे जिसमें 02 व्यक्ति घायल हुये तथा 03 व्यक्तियो की घटना स्थल पर मृत्यु हुई। 01 घालय व्यक्ति  जिला चिकित्सालय मे मृत्यु हुयी। 01 घायल व्यक्ति को प्रथमिक उपचार के पश्चात देहरादून रैफर किया गया।





दिनांक 16.09.2023 को ग्राम प्रधान दुर्बिल द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम दुर्बिल के लगभग 7—8 किमी0 दूरी पर पुस्ला नामे तोक मे दिनांक 14.09.2023 की रात्रि को आकाशीय बिजली गिरने के कारण 10 पशुओ की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा घटना स्थल के लिए राजस्व/पशुचिकित्सक टीम निरीक्षण हेतु रवाना की गयी।
उक्त प्रभावित पारिवारों को राजस्व विभाग के माध्यम से निरीक्षण के पश्चात राहत राशि दी गयी।





दिनांक 18.09.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान डाबरकोट के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट एंव अन्य सम्बन्धितो को सूचना से अवगत काराया गया मार्ग को प्रातः 7:00 बजे सुचारु किया गया।

दिनांक 19.09.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास मलवा/पत्थर आने के कारण बाधित होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड बडकोट एंव रानी कंस्ट्रक्शन कंपनी को अवगत कराया गया। सम्बन्धित द्वारा मार्ग को 9:42 बजे सुचारु किया गया।



1



दिनांक 24.09.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान पोखू देवता मन्दिर बडेथी के पास बी0आर0ओ0 के 02 नेपाली मजदूर कार्य करते समय उपर पहाडी से मलवा /पत्थर गिरने की चपेट मे आने की सूचना प्राप्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित त्वरित कार्यवाही दल/पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 की तैनाती कर रेस्क्यू कार्य करवाया गया। घटना में 01 मजदूर की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी दूसरो मजदूर गम्भीर घायल हुआ जिसे 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से जिला चिकित्सालय मे उपचार हेतु भेजा गया।







दिनांक 25.9.2023 को समय प्रातः 8:35 बजे जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियो /राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**

- भूकम्प का परिमाण– 3.00 (रिक्टर पैमाने पर) अक्षांश/Latitude– 31.07° N
- देशान्तर/Longitude – 77.98° E
- समय– 08:35 AM बजे।भूकम्प का केन्द्र– जनपद के तहसील मोरी के कोठीगाड रेंज हिमांचल बार्डर एरिया।



दिनांक 21.10.2023 को धराली में एक महिला को  भालू द्वारा गम्भीर घायल किया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0 एवं चिकित्सा टीम से समन्वय कर गामीण एवं उक्त टीम के सहायोग से महिला को चिकित्सालय में भर्ती किया गया तथा प्रथमिक उपचार के उपरान्त महिला को हायर सेन्टर भेजा गया।

दिनांक 24.09.2023 को तहसील मोरी अन्तर्गत ग्राम भंक्वाड की एक महिला गांव से किसी कार्य के लिए त्यूनी  बाजार गयी थी और त्यूनी बाजार से घर वापस जाते समय दोपहर लगभग 3:00 बजे टौंस नदी पर भंक्वाड मध्ये स्वाली क्यारी मे स्थित ट्रॉली से बैठकर टौंस नदी को पार करने के पश्चात ट्रौंली से उतरते समय संतुलन बिगडने के कारण नदी में गिरने के कारण महिला की मृत्यु हुयी । कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

दिनांक 25.09.2023 को एक यात्री मनोज कुमार पुत्र श्री बरीलाल, उम्र 52 वर्ष, निवासी प्रतापगढ, उत्तरप्रदेश को दिल का दौरा पडने के कारण चिकित्साधिकारी द्वारा हैली एम्बुलेंस से हायर सेन्टर भेजे जाने के सुझाव पर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा यूकाडा एवं सम्बन्धित से समन्वय कर उक्त यात्री को हेलीकॉप्टर के माध्यम से ऐम्स चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया।






<table>
<tr><td>दिनांक 28.09.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर मार्ग को दोपहर 1:02 बजे सुचारु किया गया।</td><td></td></tr>
<tr><td>दिनांक 28.9.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिले के सभी वन प्रभागों के प्रभागीय वनाधिकारियों, पार्को के उप निदेशकों, लोनिवि, एनएच तथा पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों के अधिशासी अभियंताओं के साथ ही सीमा सड़क संगठन के कमान अधिकारियों को ट्रॉलियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक मरम्मत कर सुरक्षित होने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किये गये। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो से आवश्यक समन्वय किया गया।</td><td>
</td></tr>
<tr><td colspan="2">दिनांक 29.09.2023 को सचिव आपदा महोदय द्वारा आपदा सम्बन्धी कार्यों के निरीक्षण हेतु हर्षिल धराली गंगोत्री निरीक्षण किया गया है जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था की गयी।</td></tr>
<tr><td colspan="2">दिनांक 30.09.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाडी से 02 किमी0 आगे गंगनानी के तरफ रोड पर मलवा/पत्थर आने के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:27 बजे सुचारु किया गया।</td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table>

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के स्टडी टूर पर आये प्रशिक्षु अधिकारीयों कुल 11 दल द्वारा जनपद के विभिन्न ट्रैक रूप पर प्रशिक्षण/ट्रैकिंग हेतु आये। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त दलों के ठहरने एवं अन्य व्यवस्था सम्बन्धी कार्यवाही कर सम्बन्धितों से समन्वय किया गया । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त दल के ट्रैकिंग अवधि के दौरान सम्बन्धित राजस्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर दल के सदस्यों के कुशलता एवं कैम्प तक पहुॅचने सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर उच्चाधिकारियों को दी गयी।
इसके अतिरिक्त दल के सदस्यों के चोट/बीमार होने पर चिकित्सा टीम/एस0डी0आर0एफ0 की भी तैनाती करवायी गयी। दिनांक 28.09.2023 को दल के एक प्रशुक्षू अधिकारी को चोट लगने पर सम्बन्धित टीम की तैनाती की गयी।






तहसील कार्यालय परिसर बडकोट में आपदा से सम्बन्धित सामग्रीयों तथा चारधाम यात्रा सम्बन्धी व्यवस्थाओं के लिये क्रय सामग्री के भण्डारण हेतु अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला से प्री–फैब स्टोर के निर्माण कार्य हेतु रू0 15.24 लाख राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के क्षमता विकास मद (Preparedness and Capacity building) अन्तर्गत जनपद हेतु स्वीकृत धनराशि से स्वीकृति प्रदान की गयी।

जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थितिकीय एवं प्राकृतिक आपदाओं से संवेदनशील होने के कारण जनपद अन्तर्गत विभिन्न आपदा एवं समय–समय सड़क दुर्घटना घटित होती है। इसके अतिरिक्त जनपद अन्तर्गत श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम अवस्थित होने के कारण देश–विदेश के लाखों यात्री/पर्यटकों का जनपद में आवागमन होता है। जनपद अन्तर्गत सम्भावित आपदा/सड़क में मृतकों के शवों हेतु ताबूत कॉफिन उपलब्ध कराये जाने हेतु 25 ताबूत उपलब्ध रखे गये।





शासनादेश संख्या–953/XVIII-B-1/2023–12(07)/2018 दिनांक 11 जुलाई, 2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि अन्तर्गत जनपद हेतु रू0 100.00 लाख (एक करोड) एवं शासनादेश संख्या 1038/XVIII-B-1/2023–12(01)/2019 दिनांक 01 अगस्त, 2023 एवं शासनादेश संख्या–1112/XVIII-B-1/2023–12(01)/2019 दिनांक 17 अगस्त, 2023 के द्वारा प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसपत्तियॉ जो राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों के अन्तर्गत आच्छादित नहीं है, के पुनर्निर्माण/मरम्मत (Non SDRF) मद अन्तर्गत रू0 250.00 (दो करोड़ पचास लाख) की धनराशि आवंटित की गयी है। उक्त आवंटित धनराशि मध्ये जनपद अन्तर्गत प्राप्त विभिन्न विभागों की तात्कालिक करवाये जाने वाले 41 कार्ययोजना की कुल धनराशि रू0 336.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी । उक्त धनराशि के सापेक्ष जनपद अन्तर्गत तात्कालिक करवाये जाने वाले कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा शासन से अतिरिक्त धनराशि की मांग की गयी।

(लाख रू0 में

| क्र.सं | निधि | कुल स्वीकृत धनराशि | व्यय धनराशि | शेष धनराशि | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आपदा न्यूनीकरण निधि | 100.00 लाख | 100.00 लाख | 0.00 | उक्त मद अन्तर्गत 09 क्षतिग्रस्त कार्ययोजना तात्कालिकता के दृष्टिगत स्वीकृति प्रदान की गयी है। |
| 2 | Non SDRF (15 जिलाधिकारियों हेतु | 250.00 लाख | 235.61 लाख | 14.39 लाख | उक्त मद अन्तर्गत 32 क्षतिग्रस्त कार्ययोजना तात्कालिकता के दृष्टिगत स्वीकृति प्रदान की गयी है। अन्य कार्य योजनाओं की दिनांक 11.08.2023 को तकनीकी परीक्षण हेतु तिथि निर्धारित है। तात्कलिक योजनाओं की स्वीकृति की जायेगी। |
| **योग** | | **350.00** | **335.61** | **14.39** | **कुल स्वीकृत योजना– 41** |

**वर्तमान मानसून अवधि तत्कालिक कार्ययोजनओं की मरम्मत/पुनर्निर्माण हेतु आपदा न्यूनीकरण एवं NON SDRF मद अन्तर्गत विभागवार स्वीकृत योजना/आंवटित धनराशि–**

| क्र.सं. | विभाग का नाम | स्वीकृत योनजाओं की संख्या | धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी | 05 | 31.43 |
| 2 | सिंचाई खण्ड, पुरोला | 12 | 105.23 |
| 3 | लोक निर्माण विभाग ,भटवाडी | 06 | 65.64 |
| 4 | लोक निर्माण विभाग, उत्तरकाशी | 03 | 30.99 |
| 5 | लोक निर्माण विभाग ,पुरोला | 04 | 34.84 |
| 6 | जल संस्थान, पुरोला | 01 | 5.20 |
| 7 | पी0एम0जी0एस0वाई0, पुरोला | 01 | 12.85 |
| 8 | खण्ड विकास अधिकारी, भटवाडी | 01 | 7.39 |
| 9 | खण्ड विकास अधिकारी, नौगांव | 01 | 8.85 |
| 10 | खण्ड विकास अधिकारी, पुरोला | 01 | 2.06 |
| 11 | नगर पालिका परिषद, बडकोट | 01 | 5.20 |
| 12 | नगर पंचायत, पुरोला | 02 | 9.40 |
| 13 | अवस्थापना खण्ड, उत्तरकाशी | 02 | 13.60 |
| 14 | विकास खण्ड, डुण्डा | 01 | 2.93 |
| **योग** | | **41** | **335.61** |

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में आपदा न्यूनीकरण निधि अन्तर्गत स्वीकृत कार्ययोजनाओं का विवरण–**

| क्र.सं. | कार्यदायी विभाग | योजना का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी। | गंगोत्री धाम में बड़े पत्थर के निकट/वन विभाग अतिथि गृह को जाने वाले रास्ते की क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण कार्य | **6.65** |
| 2 | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला | विकास खण्ड पुरोला में कुरूडा गांव के ऊपर 21.07.2023 की रात्रि को बादल फटने के फलस्वरूप छाडा खड्ड में आयी बाढ़ से खड्ड के दोने ओर पुल के अपस्ट्रीम में आवासीय भवनों की नीचे तात्कालिक सुरक्षात्मक कार्य | 12.94 |
| 3 | | विकास खण्ड पुरोला में कुरूडा गांव के ऊपर 21.07.2023 की रात्रि को बादल फटने के फलस्वरूप छाडा खड्ड में आयी बाढ़ से खड्ड के दोने ओर पुल के डाउनस्ट्रीम में आवासीय भवनों की नीचे तात्कालिक सुरक्षात्मक कार्य | 10.51 |
| 4 | | विकास खण्ड पुरोला अन्तर्गत ग्राम पोरा मध्ये गाजांई गाड़ के दोनो तरफ आवासीय भवनों का तात्कालिक सुरक्षात्मक कार्य | 8.03 |
| **योग** | | | **31.48** |
| 5 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,उ0का0 | विकास खण्ड डुण्डा अन्तर्गत दिखथोल–पंचाणगांव मोटर मार्ग के कि0मी0 02 में वासआउट भाग का निर्मार्ण कार्य | **14.79** |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाडी | उत्तरकाशी–धनसाली–तिलवाडा मोटर मार्ग के किमी0 05 हे0मी0 2–4 (निकट कुटेटी दवी मन्दिर) में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य | 11.75 |
| 7 | | उत्तरकाशी–धनसाली–तिलवाडा (एस0एच0–15)मोटर मार्ग के किमी0 01 हे0मी0 8–10 में जल भराव होने के कारण निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य | 14.95 |
| 8 | | विकास खण्ड भटवाडी में मनेरी जखोल मोटर मार्ग के किमी0 06 क्र.स.5/34–5/35 में काजवे का सुरक्षात्मक कार्य | 13.02 |
| 9 | | विकास खण्ड भटवाडी अन्तर्गत ग्राम जखोल में सुरक्षात्मक कार्य | 7.36 |
| **योग** | | | **47.08** |
| **कुल योग** | | | **100.00** |

## वित्तीय वर्ष 2023–24 में NON SDRFनिधि अन्तर्गत स्वीकृत कार्ययोजनाओं का विवरण–

| क्र.सं. | कार्यदायी विभाग | योजना का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| **1** | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी। | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम मनेरी में खीर गाड के बांयी ओर आवासीय भवनों की बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य | 8.65 |
| **2** | | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम मनेरी कि सिलकुरा गदेरा के दोनों किनारों में बाढ़ सुरक्षा कार्य | 9.13 |
| **3** | | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम स्याबा में भूधसाव से सुरक्षात्मक कार्य | 5.00 |
| **4** | | नगर पालिका परिषद बाडाहाट के वार्ड न0–08 अन्तर्गत डांग नाले में आये मलवा का सफाई कार्य | 2.00 |
| | | **योग** | **24.78** |
| **5** | अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पुरोला | विकास खण्ड नौगांव अन्तर्गत ग्राम ईडक के नीचे हो रहे भूस्खलन की रोकथाम हेतु बनालगाड पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्ययोजना | 7.27 |
| **6** | | विकास खण्ड नौगांव अन्तर्गत ग्राम राना में रानाचट्टी में स्थित चिकित्सालय एवं चिकित्सक आवासीय भवन का सुरक्षात्मक कार्य | 5.63 |
| 7 | | विकास खण्ड नौगांव के ग्राम बडकोट के चौदाडी नामे तोक में आवासीय भवनों के भू–धसाव का सुरक्षात्मक कार्य | 7.91 |
| 8 | | विकास खण्ड नौगांव ग्राम उपराडी में न्यु होली लाईफ व राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समीप भूधसाव का सुरक्षात्मक कार्य | 7.78 |
| 9 | | विकास खण्ड नौगांव के राजकीय इण्टर कॉलेज गडोली जाने वाले पैदल मार्ग का क्रॉ ड्रेनेज कार्य | 6.43 |
| 10 | | विकास खण्ड नौगांव के ग्राम गंगनानी में सुखोई खड्ड से कस्तूरबा गांधी छात्रावास व अन्य आवासीय भवनों का बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य | 13.68 |
| 11 | | विकास खण्ड नौगांव के दुनकानी में दूनकेश्वर महादेव मंदिर व कृषि भूमि की बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य | 4.27 |
| 12 | | विकास खण्ड नौगांव के ग्राम रजत्तर में राजत्तर खड्ड से आवासीय भवनों का बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य | 9.11 |
| 13 | | विकास खण्ड पुरोला के कुमोला खड्ड के दायें किनारे पुरोला बजारा में आरा मशीन के पीछे आवासीय भवनों के नीचे सुरक्षात्मक कार्य | 11.67 |
| | | **योग** | **73.75** |
| **14** | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,उ0का0 | विकास खण्ड भटवाडी के ज्ञानसू साल्ड मोटर मार्ग से गमदिडगांव, लटूडगांव मोटर मार्ग पर भवनों की सुरक्षा का कार्य | 9.26 |
| **15** | | विकास खण्ड भटवाडी के कण्डोला (ज्ञानसू) झूला पुल एप्रोच मार्ग में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य | **6.94** |
| | | **योग** | **16.20** |
| **16** | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाडी | विकास खण्ड भटवाडी अन्तर्गत मुस्टिकसौड–कुरोली मोटर मार्ग के किमी0 2 है0मी02–4 में क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत का कार्य | 11.31 |
| 17 | | विकास खण्ड भटवाडी के भुक्की–कुज्जन गांव में हुए भू–धंसाव के रोकथाम हेतु सुरक्षात्मक कार्य | 7.25 |
| 18 | उत्तराखण्ड जल संस्थान, पुरोला | नगर पंचायत पुरोला के वार्ड न0–04 पेयजल योजना मरम्मत/पुनर्निमाण कार्य | 5.20 |
| 19 | अधिशासी अभियन्ता, | विकास खण्ड पुरोला के मठ–भद्राली मोटर मार्ग के किमी0 1 में | 7.51 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, पुरोला | क्षतिग्रस्त दीवार एवं स्कापर निर्माण कार्य | |
| 20 | | विकास खण्ड पुरोला अन्तर्गत उप जिलाधिकारी, पुरोला के आवास परिसर के समीप सुरक्षा दीवार का पुनः निर्माण कार्य | 5.46 |
| 21 | | विकास खण्ड मोरी के ग्राम टिकोची से समीप 80 मी0 विस्तार की ट्राली का निर्माण कार्य | 9.19 |
| 22 | | विकास खण्ड मोरी के मौण्डा गांव में आवासीय भवनों की सुरक्षा एवं पैदल सम्पर्क मार्ग का सुरक्षात्मक कार्य | 12.68 |
| | | **योग** | **34.84** |
| 23 | अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0 वाई, पुरोला। | विकास खण्ड मोरी के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैंद्रथ भंकवाड़ मोटर मार्ग कि0मी0 2.50 से बेगल मोटर मार्ग में आवश्यक निर्माण कार्य | **12.85** |
| 24 | खण्ड विकास अधिकारी, भटवाडी | विकास खण्ड भटवाडी के ग्राम पंचायत पिंलग का मुख्य सम्पर्क मार्ग मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य | **7.39** |
| 25 | खण्ड विकास अधिकारी, नौगांव | विकास खण्ड नौगांव के ग्राम छडाडी मौजा सरनौल में क्षतिग्रस्त सम्पर्क मार्ग का मरम्मत कार्य | **8.85** |
| **क्र.सं.** | **कार्यदायी विभाग** | **योजना का नाम** | **स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में)** |
| 26 | खण्ड विकास अधिकारी, पुरोला | विकास खण्ड पुरोला के ग्राम गुन्दियाट गांव में गोदी नामे तोक में क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य | **2.06** |
| 27 | खण्ड विकास अधिकारी, डुण्डा | विकास खण्ड डुण्डा के ग्राम बागी में भेगड नामे तोक में क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण कार्य | 2.93 |
| 28 | अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बडकोट | नगर पालिका परिषद बडकोट के वार्ड सं0–07 में सुनील डोभाल व अन्य के मकान के नीचे क्षतिग्रस्त दीवार/रास्ता क्षतिग्रस्त व दीवार का पुनर्निर्माण कार्य | **5.20** |
| 29 | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, पुरोला | नगर पंचायत पुरोला के वार्ड न0–2 में आवासीय भवनों व मार्ग की सुरक्षा कार्य | 4.30 |
| 30 | | नगर पंचायत पुरोला के वार्ड न0–4 में दुकानों/भवनों का सुरक्षात्मक कार्य | 5.10 |
| | | **योग** | **9.40** |
| 31 | अधिशासी अभियन्ता, अवस्थापना खण्ड, उत्तरकाशी | विकास खण्ड डुण्डा के ग्राम पंचायत उडरी के खोरगला तोक में आर0सी0सी0 पुलिया मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य | 6.98 |
| 32 | | विकास खण्ड डुण्डा के ग्राम मांगलीसेरा मध्ये रिखेडी खड्ड पर आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य | 6.62 |
| | | **योग** | **13.60** |
| | | **कुल योग** | **210.75** |


समय–समय पर आयोजित विभिन्न स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रमों प्रतिभाग किया गया।


# चारधाम यात्रा

माह सितम्ब, 2023 श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम में यात्रियों की संख्या मे वृद्वि के दृष्टिगत जनपद आपाताकलीन परिचलान केन्द्र द्वारा तैनात अधिकारियों को आवश्यक से निरन्तर समन्वय किया गया। मानसून सीजन के बाद गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रियों के आवागमन में अब उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। जिसे देखते हुए जिलाधिकारी ने यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई, कूड़ा निस्तारण व यात्रियों की सुरक्षा के विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये गये। वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को वाहनों की निरंतर चौकिंग करने के साथ ही सड़कों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सूचना बोर्ड लगाने व पुलिसकर्मियों की तैनाती किए जाने के निर्देश जारी किए है। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर रेलिंग्स टूटी होने का संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग को इनकी तत्काल मरम्मत किये जाने के निर्देश दिये गये।

## यात्रा कन्ट्रोल रूम (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र)

जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील हैं यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, तैनात नोडल/सैक्टर अधिकारियों से समन्वय कर श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़वों में स्वास्थ्य सुविधा, पयेजल, विद्युत शौचालय, स्वच्छाता एवं दूरसंचार, खाद्यान्न पदार्थों के दर नियंत्रण/मजदूर दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर आदि के नियमित 24X7 घटें निगरान निगरानी की जा रही है। विभिन्न यात्रा पड़व पर आवश्यक सविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर शिकायत का नितस्ताण करवाया जा रहा है। गंगोत्रीएवं यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु पर्याप्त मशीनरी/मानव संसाधन की उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। चारधाम यात्रा सम्बन्धी दैनिक सूचना का संकलित कर प्रेषित की जा रही है। आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत विभिन्न सुविधाओं/तैनात टीम आदि के GIS मैप तैयार किये गये।



# यात्रा कन्ट्रोल रूम
# (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र), उत्तरकाशी।

100%

उत्तराखण्ड शासन

Phone: + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile.: + 917500337269, 7252887587, 7310913129
Mail Id: ddmauttarkashi@gmail.com

## श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा दैनिक बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–147 दिनांक– 28.09.2023 समय–सायं 07:00 बजे।

### यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक 28.09.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | क्रमिक यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | बच्चे | योग | पुरूष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री गंगोत्री धाम | 2836 | 1887 | 69 | 4792 | 455605 | 297520 | 21920 | 775045 |
| श्री यमुनोत्री धाम | 2484 | 1991 | 56 | 4531 | 349387 | 272781 | 19252 | 641420 |
| योग | 5320 | 3878 | 125 | 9323 | 804992 | 570301 | 41172 | 1416465 |

### वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक– 28.09.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | क्रमिक वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बडे वाहन | छोटे वाहन | दोपहिया वाहन | योग | बडे वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री गंगोत्री धाम | 74 | 413 | 23 | 510 | 11297 | 61547 | 8127 | 80971 |
| श्री यमुनोत्री धाम | 76 | 369 | 10 | 455 | 9378 | 50695 | 5078 | 65151 |
| योग | 150 | 782 | 33 | 965 | 20675 | 112242 | 13205 | 146122 |

### गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | क्रमिक योग (01 अप्रैल, 2023 से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 28.09.2023 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 7508 |

### जनपद में घटित घटनायें

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक 27.09.2023 को घटित घटनायें | अब तक कुल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वाहन दुर्घटना | - | 03 | - |
| | (क) घायल व्यक्तियों की संख्या | - | 39 | |
| | (ख) मृतक व्यक्तियों की संख्या | - | 12 | |
| योग | | - | घायल– 39 व मृतक–12 | |

### जनपद में वर्षा का विवरण (मि0मी0 में)

| दिनांक | जिला मुख्यालय | तहसील भटवाडी | तहसील डुण्डा | तहसील चिन्यालीसौंड | तहसील बडकोट | तहसील पुरोला | तहसील मोरी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27.09.2023 प्रातः 08:00 बजे से 28.09.2023 प्रातः 08:00 बजे तक। | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 |

मौसम– वर्तमान समय में जनपद के जिला मुख्यालय व समस्त तहसील क्षेत्र एवं श्री गंगोत्री धाम/श्री यमुनोत्री धाम में हल्के बादल लगे है।

## सड़क मार्गो की स्थिति

| क्र. स. | जनपद में स्थिति मार्गो का प्रकार | कुल मार्गो की संख्या | अवरूद्ध मार्गो की संख्या | अवरूद्ध मार्ग का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) | 03 | – | – |
| 2 | राज्य मार्ग (SH) | 09 | – | – |
| 3 | मुख्य जिला मार्ग (MDR) | 07 | – | – |
| 4 | ग्रामीण मोटर मार्ग (VR) | 299 | 03 | नारदचट्टी–बनास मोटर मार्ग KM 02 में वॉसआउट से अवरूद्ध है।<br>कमल नदी से गुंडियाटगांव मोटर मार्ग जगह–जगह 180 मीटर भाग में पूर्णतः वॉशआउट से अवरूद्ध है। |
| 5 | अन्य (ODR) | 07 | – | – |
| | कुल मार्गो की संख्या– | 325 | 03 | सम्बन्धित विभाग द्वारा उक्त मार्गो का आंगणन गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा चुका है स्वीकृति मिलने के उपरान्त कार्य पूर्ण कर मार्ग को यथावत खोल दिया जायेगा। |

## यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण

| धाम | दिनांक 28.09.2023 को | | क्रमिक योग | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल यात्रियो की संख्या जिनके स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गयी | कुल यात्रियों की संख्या जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया | स्क्रीनिंग | स्वास्थ्य परीक्षण |
| श्री यमुनोत्री धाम यात्रा | 819 | 230 | 353127 | 54079 |
| श्री गंगोत्री धाम यात्रा | 1368 | 25 | 234819 | 44824 |
| योग | 2187 | 255 | 587946 | 98903 |

## विद्युत/पेयजल/बाधित होने की अद्यतन सूचना

| विद्युत व्यवस्था | पेयजल व्यवस्था |
|---|---|
| जनपद के समस्त विकास खण्डों के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति सुचारू है। | जनपद के समस्त विकास खण्डों के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारू है। |

जनपद स्तर पर आहूत विभिन्न स्मार्ट कन्ट्रोल रूम निर्माण बैठक/आपदा/विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम/ स्वच्छता/पर्यवरण आदि विभिन्न बैठकों मे समस्त सम्बन्धितों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय,देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।